In view of these deevlopments, the Minister for Health should make a statement on these issues.

(v) FLOODS IN KERALA.

SHRI A. A. RAHIM (Chirayinkil): Mr. Speaker, Sir, I would like to bring to the notice of this House, the Prime Minister and the Finance Minister the havoc caused by the unprecedented floods in Kerala in the last fortnight. It has already claimed 42 human lives. Over 14,000 houses have been destroyed and over 22,000 damaged. Crop loss has been extensive. Eight of the eleven Districts of the State have been badly affected. The State Government have made a preliminary estimate of the loss at over Rs. 20 crores. They have already ordered some relief measures. Government of India should urgently consider extending interim Central assistance pending a final assessment by a Central Study team who may be sent to the State immediately.

12.26 hrs.

DEMANDS FOR GRANTS (GENERAL), 1980-81—*contd.*

MINISTRY OF HOME AFFAIRS—*Contd.*

MR. SPEAKER: Now we start with the discussion on the demands of the Ministry of Home Affairs. Shri Sukhadia.

श्री मोहन लाल सुखाड़िया (उदयपुर) : अध्यक्ष महोदय, जिस मांग पर हम यहां विचार कर रहे हैं वह देश के लिए बहुत महत्व रखती है । मैं समझता हूं सभी इस बात को जानते हैं कि चाहे विकास का काम हो चाहे देश की रक्षा का सवाल हो, चाहे मनुष्य के शांति के साथ जीवन-यापन करने का प्रश्न हो यह अत्यन्त आवश्यक है कि देश के अन्दर कानून और व्यवस्था ठीक तौर से चले । आज सुबह के अखबारों में यह समाचार पढ़ने को मिले कि आसाम में जो आन्दोलन चल रहा था उसकी हैड लाइन्स थीं कि वह सस्पेंड किया गया । जब उसको विस्तार से देखा तो ऐसा मालूम होता है कि एक तरह से यह पार्शियल सस्पेंसन है क्योंकि पूरे तौर से तो सस्पेंशन किया नहीं है । वहां से कूड नहीं आने दिया जाएगा, ब्लाकेड जारी रहेगा, बैम्बू और टिम्बर वहां से नहीं आने दिया जाएगा, यह उन्होंने साथ ही में कहा है । इसका मतलब यही होता है कि पूर्ण रूप से नार्मलाइज करने की बात नहीं है । लेकिन मैं समझता हूं फिर भी यह एक ठीक दिशा के अन्दर कदम उठाया गया है और इसके डीटेल्स में आशा करता हूं कि प्रधान मंत्री जी और जो आसाम के आन्दोलन से सम्बन्धित व्यक्ति हैं वे मिल कर के निकालेंगे जिससे कि इस समस्या का हल निकाला जा सके । लेकिन आज के अखबार के अन्दर ही यह पढ़ करके भी आश्चर्य हुआ कि हमारे इसी सदन के माननीय सदस्य श्री जार्ज फर्नांडीज ने कहा कि इस आन्दोलन को चालू रखने के अन्दर श्रीमती इंदिरा गांधी की दिलचस्पी है और उनका वेस्टेड इन्टेरेस्ट इस बात के अन्दर है कि यह आन्दोलन चालू रहे, किसी तरह से इसको समाप्त न किया जाय । यह पढ़ कर के आश्चर्य होता है कि आखिर आज देश के अन्दर जो हुकूमत चलाने वाली प्रधान मंत्री है उनकी क्या दिलचस्पी हो सकती है देश के एक सीमावर्ती प्रदेश के अन्दर इस प्रकार के आन्दोलन के चलने देने में जिसमें इन बातों के समाचार मिल रहे हैं कि कुछ विदेशी ताकतें भी इस आन्दोलन का लाभ उठाना चाहती हैं, कुछ साम्प्रदायिक ताकतें इस आन्दोलन को और दिशा के अन्दर ले जाने की कोशिश में लगी हुई हैं । मैं समझता हूं कि इस प्रकार की बात करने और बार बार वहां जाकर लोगों से मिल जुल कर अपनी बात कहने से ऐसा संकेत होता है कि उनकी दिलचस्पी वास्तव में इसमें नहीं है कि यह आन्दोलन समाप्त हो बल्कि वह दोषारोपण करके चाहते हैं कि इसका राजनैतिक लाभ ज्यादा से ज्यादा उठायें। आज मैं समझता हूं कि सारा देश इस बात को पसन्द करेगा कि इस आन्दोलन का शांतिपूर्ण हल निकले । मैं ऐसा मानकर के चलता हूं कि अगर इस आन्दोलन से सम्बन्धित व्यक्ति साम्प्रदायिकता की भावनाओं को दूर रख करके और देश की एकता को सामने रखते हुए बातचीत करेंगे तो इसका हल निकलना कोई मुश्किल बात नहीं है । निश्चित तौर से इसका हल निकल सकता है । लेकिन बातचीत के अन्दर अगर साम्प्रदायिकता का पुट रहेगा या बातचीत के अन्दर पीछे से कुछ विदेशी ताकतें यह काम करती रहेंगी कि बातचीत सफल नहीं हो पाएं तो आज कह नहीं सकते कि इसका क्या परिणाम होगा । मेरा कहना है कि अगर उनको खुद को राष्ट्र के हित में देखने और राष्ट्र की प्रगति की दृष्टि से सोचने और फैसला करने के लिये छोड़ा जाएगा तो इसका हल निकले, सभी इस बात को पसंद करेंगे । कुछ दिनों पहले मैं राजस्थान गया तो जयपुर के अन्दर जो रामनिवास बाग है उसके अन्दर लिखा हुआ था आसाम बचाओ, विदेशियों को देश से निकालो, उदयपुर के चारों तरफ दीवारें जैसे चुनाव चल रहा हो

[श्री मोहन लाल सुखाड़िया]

और चुनाव में वोट मांगने के लिए अलग अलग लिखा जाता हो, उस तरह विद्यार्थी परिषद् की तरफ से सब जगह लिखा गया कि आसाम बचाओ, देश बचाओ । कोई इसमें ऐतराज नही हो सकता, हर एक चाहता है कि आसाम बचाया जाना चाहिये, आसाम देश में रहना चाहिये और उसके साथ साथ वहां पर जिनको विदेशी समझा जाय उनको वहां से निकाला जाना चाहिये, इसके बारे में देश की प्रधान मंत्री इंदिरा जी ने भी इस बात की इच्छा बराबर व्यक्त की यह सबको मालूम है कि उन्होंने विरोधी पार्टी के सदस्यों और नेताओं से मिल कर पहले 1971 वाली बात कही । जब 1971 वाली बात कही गई उसके बाद प्रश्न उठने लगा कि गांधी पीस फाउन्डेशन की तरफ से जो प्रस्ताव आये हैं उसके आधार पर बातचीत की जाय । तब भी प्रधान मंत्री जी ने कहा कोई आधार न रखा जाय, 1971 को भी हम इंसिस्ट नही करते, न किसी और बात को रखा जाय, बिना प्री-कडीशन के बातचीत शुरू की जाय । मैं समझता हू उनकी तरफ से तो हमेशा दरवाजा खुला रखा गया है । अगर इसका हल ठीक तौर से निकल सकता है तो उसको निकालने के लिए प्रयत्न किया जाय । मेरे ख्याल से ठीक शुरुआत हुई है और आशा है इसका ठीक परिणाम सामने आयेगा ।

इस सदन में चिन्ता व्यक्त करना स्वाभाविक ही है अगर हरिजनों पर एट्रामिटीज की बात हो, महिलाओं पर एट्रासिटीज की बात हो या ट्राइबल्स पर एट्रासिटीज की बात हो । लेकिन इन चीजों के सम्बन्ध में मैं चाहता हूं यह सदन जो कि सारे देश का प्रतिनिधित्व करता है, निश्चित तौर से इस बात पर विचार करेगा, गहराई के साथ विचार करेगा यह सारे कारण क्यों पैदा हुए, कबसे स्थिति बिगड़ने लगी, विशेष तौर से कहा ज्यादा बिगड़ने लगी ? मैं समझता हू इस पर अगर गहराई से विचार किया जायेगा तो इस बात को मानना होगा कि जून, 1977, जब जनता पार्टी के हुकूमत आई उसके बाद विविध कमीशन का मुकर्रर किया जाना, सरकारी कर्मचारियों को लपेटा जाना, और उनमे डि-मार्लाइजेशन की स्थिति का पैदा किया जाना, सरकारी अफसरों ने अगर कोई काम किया, फेमिली प्लानिंग के सम्बन्ध में या ला ऐंड आर्डर अथवा किसी दूसरे क्षेत्र में तो उनके ऊपर लगातार इस बात के प्रयत्न किए गए जिसकी वजह से उसी जमाने में कई प्रदेशो में ला एंड आर्डर की स्थिति ज्यादा खराब होने लगी। मुझे क्षमा करें अगर मैं यह कहू कि आज अगर सदन मे ला ऐंड आर्डर खराब होने की चर्चा चलती है तो वह किन स्थानों के बारे में ज्यादा चलती है ? क्या इस बात से इन्कार किया जा सकता है कि उन्ही प्रदेशों के बारे में ज्यादा चर्चा की जाती है जहा या तो लोकदल के प्रभुत्व वाली सरकारें थी या जनसंघ के प्रभुत्व वाली सरकारें थी ? उन्ही राज्यों के सम्बन्ध में ज्यादा से ज्यादा चर्चाएं इस सदन में होती हैं – वह चाहे बिहार हो, यू०पी० हो, मध्य प्रदेश हो, हरियाणा हो, राजस्थान हो या दिल्ली हो। खास तौर से इन्हीं प्रदेशों के बारे में ज्यादातर बातें यहां पर क्यों आती हैं ? इसका कारण यह है कि वहा पर जातीयता का विष घोला गया, सर्विसेज का डिमार्लेजाइजेशन किया गया, जानबूझ कर धर्म की बातें सामने लाई गई । सर्विसेज के बारे में मैं निश्चित तौर से कह सकता हूं कि पुलिस और दूसरे विभागों के कर्मचारियों के हजारों ट्रासफर्स इस आधार पर किए गए कि अमुक धर्म का, अमुक साम्प्रदायिक तत्वों का साथ देगा या नही देगा – इन बातों को लक्ष्य में रखकर ट्रांसफर्स करके सर्विसेज का डिमार्लेइजेशन किया गया । जातीयता के आधार पर अनेक लोगों को इधर से उधर किया गया । उसी जातीयता के परिणामस्वरूप आज बहुत से क्षेत्रों में यह बाते देखने को मिलती है और आज तत्काल इन चीजों में परिवर्तन लाना आसान नही है ।

यहा पर बहुत से ऐसे मामले उठाये जाते हैं जो कि स्टेट सब्जेक्ट से सम्बन्ध रखते है । प्रदेशों में उनको उठाया जाना चाहिये, प्रदेशों में जो नयी सरकारे बनी है उन्हें ही इसे ठीक करना होगा, सारे हालात जो बिगड़े हैं उनको ठीक रास्ते पर लाना होगा । लेकिन कई माननीय सदस्य कहेंगे कि फलानी जगह हरिजनो पर अत्याचार हुआ है, होम मिनिस्टर साहब क्यो इस्तीफा नही दे देते है लेकिन क्या यह किसी से छिपा है कि जब यू०पी० मे लोक दल की सरकार थी और वहा पर नारायणपुर में दुःखद और शर्मनाक घटना घटी थी तब वहा पर प्रधान मंत्री के जाने की बात के ऊपर विरोध पक्ष की ओर से कितनी आवाज उठाई गई थी । क्या वहा पर अत्याचार नही हुआ था । आज एक एक घटना को लेकर आवाज उठाई जाती है । लेकिन उस वक्त कोई आवाज नही उठाई गई थी । अब कही पर दो हत्याये होती है तो आवाज उठाई जाती है लेकिन त्रिपुरा में, यदि कहा जाये तो, जो नरसंहार हुआ उसको लेकर क्या उस पक्ष की ओर से यह आवाज उठाई गई कि वहां की सरकार को बरखास्त किया जाना चाहिये ? असाम के एजिटेशन के सम्बन्ध मे, विरोध पक्ष, की एक राय नहीं है । एक तरफ कहेंगे कि अल्प संख्यकों का प्रोटेक्शन होनी चाहिये माइनोरिटीज का, लिंग्विस्टिक माइनोरिटीज का, रीलीजियस माइनोरिटीज का, ठीक कहा जाता है कि उनका प्राटेक्शन होना चाहिये । साथ-साथ जब मजबूती के साथ काम करने की बात आती है, तो यह भी कहा जाता है कि मूवमेंट को क्रश करने के लिए मजबूती के साथ काम नहीं किया जाना चाहिये । प्रश्न यह है कि इसका क्या रास्ता हो सकता है ? एक कहता है कि गांधी पीस फाउन्डेशन पर चलो, कोई कहता है कि 1971 के कटाव के प्वाइंट के ऊपर चलो और दूसरे कहते हैं कि कन्डीशन्स को सामने रख कर चलो, सारी

जिम्मेदारी सरकार पर है विरोधी पक्ष के लोग केवल इन चीजों का लाभ उठाना चाहते हैं ।

अध्यक्ष जी, सच बात तो यह है कि लॉ एंड आर्डर काफी खराब हुआ था और उसके कई कारण थे, जिसकी वजह से आज इस पक्ष में बैठने वालों को बड़ा भारी बहुमत प्राप्त हुआ । मैं माननीय गृह मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि इस सदन की शुरूआत से लेकर आजतक जो विषय, जो कि स्टेट्स के अन्दर डिसकस किये जाने चाहिएं, रोज यहां पर उठाये जाते हैं, बिना मकसद के नहीं, बल्कि उसके पीछे निश्चित तौर से यह भावना है कि किसी तरह से लोगों में अशान्ति पैदा की जाय, सर्विसेज के अन्दर डिमोरलाइजेशन पैदा किया जाए और इस तरह के हालात पैदा किये जायें कि जिनसे लाभ उठाकर अन्ततोगत्वा देश के अन्दर आक्रोष और अराजकता पैदा हो । इसलिए मैं गृह मंत्री जी से कहना चाहूंगा, जैसा हमारे दिल्ली से आने वाले माननीय सदस्य ने कहा था, मैं उनकी बात से सहमत हूं कि आज देश इस बात का इन्तजार करता है, देश इस बात की आशा करके चलता है और सोच-समझकर लोगों ने वोट दिया है, कि देश में शान्ति स्थापित होगी । यह बात भी इंदिरा जी के लिए कही गई कि वे देश के अन्दर मजबूत शासक हैं और कानून और व्यवस्था कायम की जाएगी । इसलिए मैं गृह मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि जो संशोधन आवश्यक हो, वर्तमान कानून में या नया कानून लाने की आवश्यकता हो, तो वह भी लाइये और देश के अन्दर कानून और व्यवस्था को मजबूती के साथ स्थापित कीजिए, देश उसका स्वागत करेगा । लेकिन केवल कानूनी बहस और चर्चाओं का देश स्वागत नहीं करेगा । क्योंकि लोगों ने दिल खोलकर हमें वोट दिया है और वोट देकर हमें संसद् में भेजा है ।

आज उनसे चर्चा कीजिए, तो वे कह सकते हैं कि क्यों नहीं देश के अन्दर सारी चीजें ठीक हुईं ? पहले से बहुत अन्तर हुआ है, कम्यूनल टैनशन के इन्सीडेंट्स कम हुए है, स्टूडेंट अनरेस्ट आज पहले के मुकाबले में कम हैं, लेकिन मैं यह मानकर नहीं चलता कि आज सारी स्थितियां ठीक हो गई है और कुछ करने की आवश्यकता नहीं है । अभी बहुत कुछ करना शेष है और उनके कारणों के अन्दर जाने की सख्त आवश्यकता है और मेरा आपसे निवेदन है कि उन कारणों के अन्दर जाकर सारी चीजों को दूर करें । उन कारणों में सोशियल कारण हैं, इकोनामिक कारण हैं, एडमिनिस्ट्रेटिव कारण हैं, इन सबको एक-एक करके देखने की आवश्यकता है ।

माननीय अध्यक्ष जी, देश के एक भाग में असम आन्दोलन चलता है, कभी त्रिपुरा में बात उठती है, कभी मिजोरम की बात उठती है, कभी नागालैण्ड की बात उठती है, कभी झारखंड की बात उठती है, और कभी उत्तराखण्ड की बात उठती है और कभी तमिलनाडु के अन्दर वहां के मुख्यमंत्री के द्वारा यह आवाज उठाई जाती है कि तिरुपति तमिलनाडु का हिस्सा होना चाहिये । ये अलग अलग मांगें देश के अन्दर उठाई जा रही हैं, इन सबके पीछे अपनी राजनीतिक स्थिति को ज्यादा मजबूत करने की भावना है जिसके कारण कमजोरियां आ रही हैं । इन सवालों को उठाकर देश के अन्दर तनाव का वातावरण पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं । इस वातावरण को पैदा करने की कोशिश के बारे में मैं समझता हूं कि गृह मंत्री जी के पास अलग-अलग जगहों से सूचनायें आती होंगी, इसलिए उन पर तत्काल जल्दी से जल्दी कार्यवाही करने की आवश्यकता होगी ।

माननीय अध्यक्ष महोदय, देश में कई आन्दोलन हुए है, लेकिन आसाम के आन्दोलन के बारे में मैं यह नहीं कहता कि वहां के विकास के सम्बन्ध में, और बहुत सी चीजों के लिए कुछ न करें । लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि आज जो स्थिति पैदा हुई है, उनके एजीटेशन को ससपेंड करने वाली बातों को लेकर, वह तो प्रधान मंत्री जी के और उनके बीच की बात है, उसके विस्तार में मैं नहीं पड़ना चाहूंगा, लेकिन इतना जरूर निवेदन करना चाहूंगा कि जिस आन्दोलन के अन्दर साम्प्रदायिक पुट मौजूद है, वहां पृथकतावादी स्लोगन लग रहे हों, क्या सरकारी सर्विसेज भी उसकी पार्टी हो सकती है या कोई भी उसका हिस्सेदार हो सकता है, जो उन चीजों को उठाकर चलते हैं कि पुलिस वहां पर काम न करे, वहां के कर्मचारी काम न करें, यह कैसे चल सकता है । जो वाजिब बात है, उसके बारे में फैसला कीजिए । वहां समझौता हो, तो उचित बात है, न हो, तब भी मैं समझता हूं कि प्रशासन तो चलना ही चाहिये, राज तो वहां पर चलना ही चाहिये, यह चीज सामने नहीं होनी चाहिए कि शासन नहीं चल पा रहा है । आन्दोलनकारी यदि अपनी बातों को रखना चाहें, तो वे शान्ति से रख सकते हैं, आन्दोलन के रहते हुए, अपनी मांगों को रख सकते हैं । लेकिन पृथकतावादी ताकतों को किसी भी प्रकार से बढ़ावा मिलता है तो यह छूत की बीमारी की तरह से काम करने वाली चीज होती है, जिसको मैं समझता हूं तत्परता के साथ रोका जाना देश के हित के लिए अत्यन्त आवश्यक है ।

अभी मैंने बतलाया था कि कुछ स्टेट्स में कमीशन या दूसरी आर्गेनाइजेशन के जरिए डीमोरलाइजेशन का वातावरण पैदा किया गया है । कुछ माननीय सदस्यों को मेरी यह बात पसन्द नहीं आयी, लेकिन मैं निवेदन करूं कि यह सच्चाई है कि उनके कारण पुलिस को आन्दोलन करना पड़ा, हड़तालें हुईं, वे सड़कों पर नारे लगाते हुए निकले, एक जगह नहीं, अलग-अलग स्टेट्स के अन्दर ऐसा हुआ है । कई जगह यह चीज नहीं हुई है, लेकिन यह चीज भी सच है कि पुलिस के विरुद्ध गोलियां चलानी पड़ी । आज जिस प्रकार की स्थिति पैदा हुई है, इसकी जिम्मेदारी किस पर है, वह किसका जमाना था जिसके कारण सरकार का शासनतन्त्र कमजोर हुआ ?

[श्री मोहन लाल सुखाड़िया]

एक निवेदन मैं यह करना चाहता हूं कि ट्राइबल्स के लिए सब जगहों पर इन्टीग्रेटेड ब्लाक्स बनाये गये हैं । यह ठीक है, लेकिन होम मिनिस्ट्री ध्यान दे कि राजस्थान में 30-35 लाख ट्राइबल्स हैं, इसी तरह से मध्य प्रदेश उनके साथ जुडा हुआ, गुजरात जुड़ा हुआ और यह सारा एक ट्राइबल बैल्ट बनता है, जो बहुत पिछड़ा हुआ है । मैंने आपकी रिपोर्ट पढ़ी, उससे मालूम हुआ कि जहां पर कम आबादी है, वहां तो इन्टीग्रेटेड ब्लाक्स ज्यादा हैं, लेकिन राजस्थान में जहां आबादी बहुत ज्यादा है, वहां इन ब्लाक्स की संख्या कम है । इसके विस्तार में जाने की आवश्यकता नही है, मैं चाहता हूं कि मंत्रालय इस पर गम्भीरता से विचार करे ।

एक चीज मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि हमारे देश के अन्दर बहुत सी पैरामिलिट्री फोर्सेज हैं, जैसे, बी० एस० एफ०, सी० आर० पी०, आसाम राइफल्स, सी० आई० एस० एफ०, आदि । क्या यह गम्भीरता से विचार करने का विषय नहीं है कि इतनी संख्या मे अलग-अलग डिफरेंट पैटर्न्स पर उनको कायम करके काम लिया जाय । हो सकता है--आप यह कहें कि इनके अलग-अलग काम हैं या इनके विशेष काम हैं, लेकिन मैं जानता हूं कि इनके लिए अलग-अलग ट्रेनिंग सेन्टर्स बने हुए हैं, और उन पर काफी व्यय हो रहा है । पिछली दफा जब हम डिफेन्स की मांगों पर विचार कर रहे थे तो सभी सदस्यों ने यह राय जाहिर की थी कि आर्मी के लोग 35-36 साल की आयु के बाद रिटायर हो जाते हैं और यह समस्या पैदा हो जाती है कि रिटायर होने के बाद उनको कहां काम दिलाया जाय । क्या यह उपयुक्त नही होगा कि जैसे बी० एम० एफ० है, जो आप के बोर्डर्स की सिक्योरिटी का काम करता है और जिसमें हम नये रिक्रूट्स को भरती करके ट्रेनिंग देते हैं और जो 58 वर्ष की आयु तक नौकरी में रह सकते हैं, उसमें आर्मी के रिटायर हुए लोगों को नौकरी में लिया जाय । मैं राजस्थान के बारे में जानता हू, जब 1965 में पाकिस्तान के साथ लड़ाई हुई तो उसका पहला अन्ट वहां चौकियों पर बैठे हुये आर० ए० सी० के जवानों पर पड़ा और उसके बाद यह फैसला हुआ कि स्टेट्स में बार्डर आर्म्ड-कांस्टेबुलरी एक होनी चाहिये जो केन्द्र के अधीन हो । जब आप केन्द्र के अधीन इस व्यवस्था को रखना चाहते हैं तो जो 35 और 36 साल में रिटायर हो कर आते हैं, जिनको पहले से ही ट्रेनिंग मिली हुई होती है, जिनकी अच्छी बैक ग्राउन्ड होती है, उन को बी० एस० एफ० में भरती किया जाय । इस तरह से नये रिक्रूट्स की ट्रेनिंग पर जो खर्चा करना पड़ता है, वह कम हो जाएगा और उन का रिटायरमेंट जल्दी न हो कर 58 वर्ष में होगा और इस तरह से उनके लिए रोजगार ढूंढने की समस्या भी हल हो जायगी । एक लाभ यह भी होगा कि इस तरह की इन्टीग्रेड सर्विस बनाने से डिफेन्स और पैरा-मिलिट्री फोर्स के बीच लायजा ठीक तरह से स्थापित हो सकेगा । इस तरह की व्यवस्था से आर्मी में जो लोग हैं उनके अन्दर असन्तोष कम होगा । आप चाहे जितने एक्स-सोल्जर्स बोर्ड बना लें, डिस्ट्रिक्ट बोर्डस बना लें, जहां तक एम्प्लाईमेंट की पासिबिलिटी का सम्बन्ध है, जो लोग रिटायर हो कर आते हैं उनको जमीन देने की एक सीमा समाप्त हो चुकी है, यह चीज सैचुरेशन प्वाइन्ट पर पहुंच गई है, अब उनको ज्यादा जमीन देना सम्भव नही हैं, नौकरियों के मामले में दिक्कत होती ही है, ये सब चीजें एक दूसरे के साथ जुड़ी हुई हैं । जहां तक मैं समझता हूं--डिफेन्स के प्वाइन्ट अन्फ व्यू से भी इस तरह की व्यवस्था करने से लायजा ज्यादार ठीक होगा और सब लोग आसानी से काम कर सकेंगे, एक-दूसरे की बातों को समझ सकेंगे और एक अच्छी आर्मी के रूप में काम कर सकेंगे ।

मैं आशा करता हूं कि गृह मंत्री जी इन सारी चीजों पर गम्भीरता से विचार करेंगे ।

SHRI RAM JETHMALANI (Bombay North West): Mr. Speaker, Sir, we are debating the Demands for Grants of the Ministry of Home Affairs.

One test of determining the adequacy of the performance of the Ministry, perhaps, is to be furnished by the main role which the Ministry of Home Affairs has to discharge and which the Ministry of Home Affairs must provide which is the feeling of security and wellbeing of the citizens of this country. One has only to ask oneself a question honestly—do the people of this country, during the regime of Sardar Zail Singh, feel safe and secure either in their homes or outside their homes whenever they go about in the streets? This requires to be studied.

If one were to ask the question honestly, there is only one answer. That is, every section of the people of this country has an uneasy feeling of fear, more than a feeling of current fear of foreboding of impending disaster. I do not want to be unfair to the Home Minister; I do not deny that there is a class of people who do feel safe and secure in this country. But, Sir, the snag is that those who only feel safe and secure in this country are the dacoits, the rapists,

the murderers, the corrupt brokers and, above all, the tricksters, the corrupt foreign bankers, who hold funds under camouflaged names, the money stolen from the poor people of this country. These are the classes of people who feel safe and the Home Minister's satisfaction can only arise from the circumstance that these classes are themselves so widespread and so colossal that they could claim that a large number of people of this country are happy and will be happy in spite of his misrule. Even Mr. Zail Singh would not deny that it is the legitimate role of the Opposition to draw the attention of the Government and the people of this country, to the tragic realities, to the tragic situation, that prevails at the moment and to the causes of that tragic situation and to the possible remedies which ought to be applied. I find that this role of the Opposition itself is being denigrated. I have carefully listened to and, at least, I have tried to read, the speeches that were delivered on Saturday in this House by the very distinguished colleagues from the Treasury Benches. I find that every attempt by the Opposition to draw the attention of the Government to its failures to its incompetence and to its own corruption, is being viewed with suspicion. It is being decried as it is being tried to be suppressed.

Sir, I have one word of caution to utter that, at the end of this debate, Sardar Saheb will get up and entertain us to a few couplets of Urdu and will indulge in a few jokes. (~~Interruptions~~) Sir, the faithful people around him will duly clap and applaud and there would be some hilarity in the House. And the hon. Home Minister will go back home to his Home Ministry and everybody will say that he was a jolly good fellow. But, Sir, it is not the kind of attitude with which we have to deal. But, we have to deal with such a tragic situation that confronts the country today. This requires no evidence. But, since my distinguished friend, Mr. Frank Anthony, happens to be here, it compels me to cite the evidence. But, the evidence which I will be able to cite could not even be more remotely characterised as partisan. But, it is my duty to produce before the House witnesses of unimpeachable credibility and integrity. My witness Number one is a gentleman, recently nominated by the distinguished President of this country, to the House of Elder ~~Statement~~, who happens to be running his own newspaper at the same time.

Sir, in his newspaper of yesterday under an editorial under the heading of 'Crimes in the Capital' he recalls the advice of Johnson to the citizens of London that before you leave your house and venture into the streets of London please make your will. And, Sir, he does recite that the performance of the Delhi police and the performance of the Home Ministry leave a good bit to be desired and he has told us that unless these murders and rapes and things like that—some of them committed in the broad day light and under the very nose of the Delhi police—are put a stop to, the city of Delhi and this country will soon hold a palm to cities like Chicago and other notorious cities of the world which are known for their crimes.

Sir, another sober newspaper almost wholly sold out to the furtherance of the Congress (I) cause equally reports that the crimes committed in every part of this country—particularly the city of Delhi—are a standing disgrace to not only so far as the police are concerned but also to those who appoint the police; those who guide the police and those who are ultimately responsible for maintenance of discipline in the police force. With this kind of evidence one does not have to go in looking for any other evidence.

But let me point out what happens in this august House and how the

(Shri Ram Jethmalani)

members of the treasury benches look upon this serious and tragic problem with the levity and that sense of irresponsibility which undoubtedly ought to be avoided if we are to seek any solution of the probelm.

On Saturday my distinguished friend, Mr. Baleshwar Ram from Bihar, speaking of this problem made an astounding suggestion to the Home Minister. The suggestion which he made was that the only way to stop crime in this country is to punish those who punished Mrs. Gandhi and some of her associates. If this is the kind of solution which comes from the mouths of sensible and responsible Members of Treasury Benches then I am afraid, Government will never improve and crime will not stop and the law and order situation will not improve in this country because you cannot devise correct prescriptions unless you have correct diagnosis of the problem and the diagnosis is provided to a Minister ultimately by his colleagues in Parliament and these are the kinds of diagnosis which are being pointed out to him that all this crime which is going on in the country—rapes, murders and dacoities—is due to the fact that some people who tried to punish Mrs. Gandhi have not been punished by Sardar Zail Singh.

Sir, as I said, unless you know the cause of the crime you will not arrive at the remedy. Another cause which is invariably thrown in our face—and this again shows what sort of troubled imagination my friends on the Treasury Benches have—is that the RSS and the Lok Dal people have infiltrated into the police and it is, therefore, that crime has increased in the country. Thank God, they admit that crime has increased. Also thank God, nobody had the courage to say that those police officers who raped the innocent women and those police officers who continue to be a disgrace on all the police force throughout the country were RSS volunteers who have infiltrated into the police force. But, Sir, all this speaks volumes of the irresponsibility—the intensity of irresponsibility—that they exercise in making speeches on the floor of the House All that we hear from them is that crime will stop if somehow you manage to get out from the police force the RSS people and the Lok Dal people who have gone into the police force. And, Sir, another distinguished friend of mine, Shri Harish Chandra Rawat, from the beautiful city of Almora said this. I wish he had made a speech which fairly represents the aesthetic sense of his city. But, Sir, what he told us is something very strange. He talked of that famous incident, the notorious incident, of Baghpat but he asked the House and he advised the House to forget it because he thinks it is not so serious when you compare it with another incident. That incident was that some unnamed United Front Minister had tried to flirt with some women in Singapore. He says this is a more serious incident which has taken place, why do you think of Baghpat. And I want the people of Almora at least to know through you Mr. Speaker, and through what we say in this House that their very distinguished representative in this House considers that Baghpat is less serious.**. If this is the kind of thinking of which the treasury members are capable of, I do not know how far you are going to solve the problem, Sir, we do not wish to go into people's private lives. I don't know who this unnamed United Front minister was. Presumably my distinguished friend who talked of this was not present in Singapore and he did not see this incident. Therefore, he must have relied upon some newspaper report. But, Sir, when you rely on newspaper report, there is a huge issue of the newspaper, called 'Current' by no means a paper favourable either to the Janata Party or the Bharatiya Janata Party.

**Expunged as ordered by the Chair.

** ** ** **

And, Sir, all I hope is that there will be some sense of responsibility exercised in this matter. (*Interruptions*)** Then, Sir, I wish to say this....

PROF. MADHU DANDAVATE (Rajapur): It was not united; it was disunited.

12.59 hrs.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

SHRI RAM JETHMALANI: Sir, I heard my distinguished friend Mr. Bhagat saying this in common with Mr. Baleshwar Ram talking to us the same thing. The first gentleman talked about this: Why don't you go about punishing those who have tried to harass Mrs. Indira Gandhi? Sir, Mrs. Indira Gandhi is the Prime Minister of this country. She has been elected by an overwhelming verdict of the people of this country. We respect it because we are running the democratic apparatus and however much we dislike this phenomenon yet we respect the people's choice. She is the Prime Minister of the country and I will, therefore, not say anything which denigrates the office of the Prime Minister by referring to the antecedents and the character of the occupant of that august office. But, Sir, since we are being constantly provoked, since we are being constantly prodded that Mrs. Gandhi was harassed, the harassers of Mrs. Gandhi must now be punished, Sir, I am only in self-defence entitled to retaliate very briefly and say this that Mrs. Gandhi was sent to prison by the verdict of this Parliament. If the plea now is that this Parliament should be punished, the gentlemen are welcomed to this plea, but after Mers. Gandhi was punishd by the Parliament on the same facts a prosecution was launched against Mrs. Gandhi in the Court because it also amounted to crimes in the ordinary Penal Code and Mrs. Gandhi who was given by a somewhat innocent and foolish Janata Government a chance to go to the judges and establish her innocence on the very facts of which she has been found guilty by Parliament, did not have the courage to go and fight the case on merits but she pleaded the bar of the limitation and got the case dismissed. (*Interruptions*).

SHRI JAGDISH TYTLER (Delhi Sadar): I personally know what he was doing.... (*Interruptions*).

SHRI RAM JETHMALANI: I always find that whenever I got up to speak they know that I am speaking the truth and it acts like chilly powder on them.

SHRI M. SATYANARAYAN RAO (Karunnagar):**

(*Interruptions*)

SHRI JAGDISH TYTLER: Let him deny this ... (*Interruptions*).

MR. DEPUTY-SPEAKER: Mr. Jethmalani, you should stick to your subject-proper.

(*Interruptions*)

SHRI RAM JETHMALANI: Sir, I cannot fight with the ignorants who do not know the records, who do not know the judgment.

(*Interruptions*)

SHRI JAGDISH TYTLER: Let him deny that he was not instrumental in getting those witnesses to tell a lie. I was a witness to the harassment of Mrs. Gandhi and Mr. Sanjay Gandhi.*

This is the kind of justice they were trying to do to Mrs. Gandhi and this way they were using the police and now they say it is legitimate. (*Interruptions*).

SHRI RAM JETHMALANI: Sir, let me point out that the Supreme Court found them guilty of trying to influence.... (*Interruptions*).

SHRI M. SATYANARAYAN RAO.** .... (*Interruptions*).

SHRI JAGDISH TYTLER:** .... (*Interruptions*).

**Expunged as ordered by the Chair.

SHRI RAM JETHMALANI: I stand on the judgment of the Supreme Court which found them guilty of suborning the witness and sent him to jail.

MR. DEPUTY-SPEAKER:: The whole difficulty is that Mr. Jethmalani never forgets that he is an advocate. You please come to the subject-proper. Your time is over. You will have to complete now.

SHRI JAGDISH TYTLER: Sir, he is making false statement.

(*Interruptions*)

SHRI M. SATYANARAYAN RAO.**

(*Interruptions*)

SHRI JAGDISH TYTLER: I can say that for six months I was with him, after him, and I was trying to find what he was doing.

(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please sit down....

SHRI M. SATYANARAYAN RAO: We cannot tolerate it when our leader is being attacked like this. What is he talking?

MR. DEPUTY-SPEAKER: He has not used any unparliamentary language. Now, please come to the subject proper and finish your speech within two-three minutes, Mr. Jethmalani.

SHRI RAM JETHMALANI: They are stinking.... (*Interruptions*) I do wish through you to invite the attention of the Minister for Home Affairs and any representative of his who is here to the incidents which have taken place in the city of Delhi. Let me recall that** a por employee, suddenly fell out of a moving Fiat car on the streets of Delhi. A gentleman was found inside the car with two glasses and a bottle of Whisky and a bottle of Gin. Has the Home Minister discovered the identity of that gentleman....

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please do not mention any person who is not a member of this House. Do not receord it; that will be expunged.... Please sit down. Mr. Jethmalani has mentioned the name of a person who is not a member of this House.....

SHRI RAM JETHMALANI: I have not mentioned any name.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Then, it is all right. I thought you have mentioned the name.

SHRI RAM JETHMALANI: I am on the contrary asking the Home Minister to determine the name.... (*Interruptions*). Truth is very unpleasant. Let me give them some more truth. The same gentleman sitting in the car....

MR DEPUTY-SPEAKER: Please come to the subject proper and complete. You have already exhausted your time.

SHRI RAM JETHMALANI: We are talking of the law and order.... (*Interrptions*). A girl, called Purnima, fell from the fifth floor of a Delhi building. She fell on the road and a person on seeing this woman fall, with an exclamation 'O God, help me' ran from the scene of offence. He was noticed by the Chowkidhar; he was identified by him. Why has the Home Minister and his police not yet identified that man?** (*Interruptions*). If this kind of thing goes on. I am sure, the crime in this country will never come to a stop. Political patronage and membership of a political party have come to mean an instrument of immunity from prosecution.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please conclude now.

**Expunged as ordered by the Chair.

SHRI RAM JETHMALANI: I wish to talk about another serious problem which confronts the nation today and which has been confronting the nation ever since Mrs. Gandhi's Government came to power. I am talking of the turmoil in the North-East of this country. Once again, the diagnosis is wrong and, therefore, the prescriptions are bound to be fallacious. Once again, I hear Mrs. Gandhi occasionally insinuating though her followers insinuating a little more overtly, that it is some kind of RSS mischief that is taking place in Assam. Sometimes Sardar Zail Singh says that some foreign imperialists are involved, sometimes our Communist friends talk of some kind of a body involved there. These are all wrong solutions. These are all.... (*Interruptions*).

MR. DEPUTY-SPEAKER: Mr. Jethmalani, please complete your speech.

SHRI RAM JETHMALANI: I wish to repeat for the benefit of the Home Minister, certain things in a few words. I wish to Point out to him that to-day, it is mainly because of the reasonableness of the Opposition parties, it is mainly because of the soothing touch of my leader Shri Atal Bihari Vajpayee and some distinguished leaders of the Janata Party that there is comparative peace in that region; and the students to-day have given a demonstration of their goodwill to the Government, by calling off their agitation. I hope the temporary suspension of the agitation will now be taken full advantage of by Mrs. Gandhi, and she and her Ministers will see to it that this is not construed either as a weakening of the agitation, or as the lessening of the confidence of the students in the cause for which they are fighting. It behoves the Government to deal with these people with understanding—these people who understand the Constitution and the country better than either Mrs. Gandhi or Mr. Zail Singh or any other person in the Congress (I) Party who is dealing with this problem. The students have repeatedly said that they wished to solve this problem within the four corners of the Constitution. They have said that no legitimate citizen of this country shall be allowed to be harassed by anybody, and the constitutional rights of every legitimate citizen shall be respected fully, and shall be enforced fully. But it does not behove Sardar Zail Singh—and it is an indictment of his Ministry—that he should have thought, in the first instance, of using brutal force, supplemented only by ignorance of the cause of the agitation. Use of brutal force was threatened against these people—these people who have law and Constitution on their side. I hope sense will prevail, and wiser counsels will prevail and due attention will be paid to the needs of the area, and to the legitimate demands of these young men who have been carrying on this agitation for the last 9 months.

श्री नवल किशोर शर्मा (दौसा) : उपाध्यक्ष महोदय, गृह मंत्रालय की मांगों के समर्थन में मैं खड़ा हुआ हूं। इस में कोई शक नहीं कि देश के लिये गृह मंत्रालय का अच्छा संचालन और गृह मंत्रालय की उपलब्धियां देश की सुरक्षा और आन्तरिक शांति के लिहाज से बहुत जरुरी है। देश की एकता बनी रहे इस की जिम्मेदारी गृह मंत्रालय पर है। देश में कानून की व्यवस्था ठीक ढंग से चले इस की जिम्मेदारी गृह मंत्रालय पर है। इस सरकार ने पिछले छः महीनो से जिम्मेदारी अपने कन्धों पर ली है। राज्यों के अन्दर अभी नौ राज्यों में सरकारो को बने डेढ़ महीने से ज्यादा नहीं हुआ। आज हम गृह मंत्रालय का मूल्यांकन करते वक्त इस बात को नहीं भूल सकते कि पिछले तीन सालों की राज्य की स्थिति क्या थी? इस देश में जनता पार्टी का राज था और फिर जनता पार्टी से ही अलग हुई एक लोक दल और कांग्रेस (यू) की मिली जुली सरकार थी। आज के हालात पर गौर करने के साथ साथ आप को इन तीन सालों के हालात को मदद नजर रखना होगा। कोई भी स्थिति आइसोलेशन में नही पैदा हुआ करती है। जनता पार्टी और लोकदल सरकार के जमाने में इस देश के अंदर जो गिरावट आई कानून और व्यवस्था में और आर्थिक स्थिति में जो बिगाड़ पैदा हुआ, जो सर्विसेज में डिमारलाइजेशन पैदा किया गया, उसका परिणाम यह है कि कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद यह सही है कि सुधार हुआ है कानून और व्यवस्था में लेकिन यह बात भी मैं मानने के लिये तैयार हूं कि जितना वांछित सुधार होना चाहिये था वह स्थिति भी नहीं बनी पाई है। इसका दोष मेरे मित्र जेटमलानी साहब हमारे गृह मंत्री, श्री जैल सिंह पर

[श्री नवल किशोर शर्मा]

आरोपित करने की कोशिश कर रहे थे और कह रहे थे कि यह सरकार कुछ नहीं कर सकी। एक दो आइसोलेटेड किस्से बताकर उन्होंने यह जताने की कोशिश की कि कानून और व्यवस्था की स्थिति ऐसी हो गई है जिसमें लोगों का जीवन मुश्किल है। मैं बहुत अदब से कहना चाहता हूं कि जिन हालात में कांग्रेस पार्टी को सरकार मिली, उस समय जो सोशल और राजनीतिक परिस्थितियां तीन सालों में पैदा हुई, उन हालात में कोई जादू के डंडे के तौर पर सरकारी तन्त्र को ठीक नहीं किया जा सकता, आर्थिक स्थिति में बदलाव नहीं लाया जा सकता और सामाजिक टेंशन को खत्म नहीं किया जा सकता। यही कारण है कि आज भी कानून और व्यवस्था की स्थिति में वांछित सुधार नहीं हुआ लेकिन किसी भी सरकार की उपलब्धि केवल मात्र आंकड़ों के आधार पर नहीं, उसके द्वारा किये गये प्रयत्नों को देखने से ही आंका जा सकता है।

श्री जेठमलानी जी कह रहे थे कि इस हाउस के सरकारी बेंचेज के लोग कितने गैर-जिम्मेदार है कि वे हल्ला-गुल्ला करके ऐसी समस्यायें जो देश में पैदा होती हैं उन पर विचार करने से रोकते हैं। मैं उनसे प्रश्न पूछना चाहता हूं --वे चले गये हैं क्या विरोधी दल के लोगों ने देश की एकता को कायम रखने की अपनी जिम्मेदारी का सबूत दिया है? उन्होंने असम समस्या के बारे में कहा है कि ज्यादती नहीं होनी चाहिये, विद्यार्थियों पर जुल्म नहीं होने चाहिये, रूल आफ ला होना चाहिये, डण्डा नहीं चलना चाहिये, मैं नहीं मानता और मैं नहीं कहता कि हमारी सरकार की ओर से असम में कोई ज्यादती करने की कोशिश की जानी चाहिये पर एक बात भी साफ है कि असम के मामले में इस सरकार ने बहुत छूट दी है। पिछले 6 महीने से जबसे श्रीमती इन्दिरा गांधी की सरकार केन्द्र में बनी है, बराबर यह कोशिश की गई है लेकिन उसके बावजूद असम की सर्विसेज कोआपरेट नहीं कर रही हैं। चाहे कोई बड़े से बड़ा पदाधिकारी हो, कमिश्नर हो, चाहे छोटे से छोटा सिपाही हो, और मैं तो यहां तक कह सकता हूं मुझे कभी कभी सन्देह होता है जुडीशियरी के बारे में—उन्होंने ऐसा रुख अख्तियार कर रखा है कि एजिटेशन को कैसे आगे बढ़ाया जाये। आज जब असम में ऐसी स्थिति हो, देश को भयंकर नुकसान हो रहा हो, एकता के लिये खतरा पैदा हो गया हो, असम की प्रतिक्रियां के फलस्वरूप देश के अन्य भागों में कुछ लोग पृथकतावादी नीति पर चलने की बात सोच रहे हो, तब मेरा ऐसा मानना है कि सरकार ने बहुत इन्तजार कर लिया, बहुत दिन रास्ता खोला कि किसी तरह से समझौता हो लेकिन किसी चीज की एक हद होती है। आज वहां पर अल्पसंख्यक लोग परेशान हैं, देश बिखराव की ओर जा रहा है, ऐसे मौके पर अगर सरकार सख्ती के साथ कदम नहीं उठाती है तो शायद वह गल्ती करती है। हमारे विरोधी मित्र सम्भवतः इसका राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश कर सकते हैं और कर भी रहे हैं। एक्रास दि टेबल बात करने से वे कतराते हैं, अलग अलग तरीके से सुझाव देकर वे इस समस्या को उलझाने की कोशिश कर रहे हैं। मैं नहीं कहता कि सारे लोग, कुछ पैट्रियाट भी हैं, लेकिन कुछ लोगों की पॉलिटिकल एम्बिशन्स भी हैं, उनके कुछ इरादे भी हैं, उनके इरादे पूरे करने के जाल में सरकार को नहीं फसना चाहिये बल्कि अपने काम को मजबूती से करना चाहिये। मैं तो बधाई देना चाहता हूं कि सरकार ने जो कुछ सख्त कदम उठाने की कोशिश की है, जो शुरुआत की है, उसके नतीजे निकलने लगे हैं। हम चाहते हैं कि वार्ता के जरिये समझौता हो, लेकिन उस वार्ता के नाम पर बहुत दिनों तक असम की समस्या को, चाहे वह त्रिपुरा की समस्या हो, चाहे पृथकतावाद का कोई और सवाल हो, उनको टाला नहीं जा सकता है- यह मेरा आपसे विनम्रता के साथ निवेदन है।

हरिजनों के अत्याचार की बात भी इस सदन में अक्सर हमारे विरोधी दल के लोग उठाकर देश में एक ऐसा वातावरण बनाने की कोशिश कर रहे हैं, जैसे हरिजनों पर इस सरकार के आने के बाद एक कहर सा ढाने लग गया है, रोज का यह कायदा है हमारे जिम्मेदार लोग इस तरह की बात करते है। मैं श्री जेठमलानी व उनके दल के लोगों से और विरोधी दल के लोगों से कहना चाहता हूं कि सदन में गृह मंत्रालय की मांगे चल रही हैं। हमारे अध्यक्ष महोदय रोज कहते हैं कि जो कुछ आपको कहना है वह आप गृह मंत्रालय की मांगों पर कहिये, लेकिन रोज का यह धन्धा हो गया है। एडजार्नमेंट मोशन के नाम पर, इस सदन का 15-20-25 मिनट और कभी कभी एक घन्टा या आधा घण्टा समय खराब किया जाता है और कोई भी इन्सीडेंट हो, अखबारों में जो रिपोर्ट आती है, मैं उसके आंकड़ों में नहीं जाना चाहता हूं, पर सदाकत यह है कि चाहे रेप के सवालात हों, चाहे हरिजनों पर अत्याचार के सवालात हों, उनके बारे में जो रिपोर्टे आई है, उनमें यह कहा गया है कि ये सारे के सारे तो नहीं, लेकिन इनमें से बहुत इन्सीडेंट्स झूठे हैं। यह रात दिन इस सरकार को बदनाम करने की कोशिशें हैं। जहां राष्ट्रीय सवाल हो, वहां तो जिम्मेदार लोगों को जिम्मेदारी के साथ आचरण करना चाहिये। जो लोग हमारे ऊपर आरोप लगाते हैं, मेरा उनसे विनम्रता के साथ निवेदन है कि पहले वे अपने आचरण को देखें।

मैं यहां यह भी कहना चाहता हूं कि हरिजनों के साथ जो घटनायें घटती हैं, उनका सख्ती के साथ मुकाबला किया जाना चाहिये। लेकिन मैं गृह मंत्री जी से एक बात यह भी कहना चाहता हूं कि केवल मात्र कानून से, कानून को सख्त बनाने से, इन समस्याओं का समाधान नहीं होगा। कानून तो हमने बहुत सख्त बना लिये हैं, हमने अनटचेबिलिटी कानून को भी काफी कड़ा करने की कोशिश

की है । असम में समस्या का समाधान अगर हमको ढूंढना है, तो हमें ऐसा वातावरण बनाना पड़ेगा, हमें ऐसी परिस्थितियों का देश में निर्माण करना पड़ेगा ताकि उन समस्याओं का समाधान हो सके ।

एक जो सबसे बड़ा इरिटेंट है, हरिजनों के झगड़े का सबसे बड़ा कारण है, वह है जमीन का सवाल । हरिजनों के कब्जे की जमीन, चाहे वह शेड्यूल्ड कास्ट की हो और चाहे वह शैड्यूल्ड ट्राइब्ज की हो, उन की जमीनों के कब्जे की रक्षा की जानी चाहिये और कोई भी ऐसी स्थिति पैदा नहीं होनी चाहिये कि जहां पर हरिजनों की जमीन किसी स्वर्ण के हाथों में जा सके । मेरा आपसे निवेदन है कि कानून की जो प्रक्रिया है, उसके जरिये ही नहीं बल्कि एडमिनिस्ट्रेटिव एक्शन के जरिये हरिजनों को उनकी जमीनों से बेदखल करने से रोकना चाहिये और जहां उनको बेदखल कर दिया गया है, उनको वह जमीन वापिस दिलाई जानी चाहिये ।

इसी तरह से मैं एक बात और निवेदन करना चाहता हूं, जो हरिजनों की समस्या के समाधान के लिये है । आज जो देश के अंदर कास्ट सिस्टम है, यह जोर पकड़ता जा रहा है, उस पर भी विचार करना चाहिये । उपाध्यक्ष महोदय, अब समय आ गया है, हम को यह सोचना पड़ेगा कि आज विभिन्न जातियों के लोग अपने नामों के आगे जो अपना कास्ट नेम लिखते हैं, क्या इसको आज कानून से रोका नहीं जा सकता है ? सर-नेम लिखने की जो प्रवृत्ति आज देश के अन्दर चल रही है, मैं समझता हूं कि इसको रोके बिना, इसको बंद किये बिना, इस देश से कास्टिज्म का जहर खत्म नहीं हो सकता है । मैं वाजपेयी जी से कहना चाहता हूं कि वह अपनी तरफ से शुरुआत करें, वे अपनी तरफ इशारा भी कर रहे हैं । मैं यह समझता हूं कि इस बारे में भी हमको कुछ और गम्भीरता से और नये परिप्रेक्ष्य में सोचना पड़ेगा कि यह कास्टिज्म इस देश के अन्दर एक नासूर बनता चला जा रहा है इस कास्टिज्म को कैसे खत्म करें, ताकि देश के अन्दर यह जो खाई पैदा होती जा रही है, इसको खत्म किया जा सके ।

मैं एक बात और कहना चाहता हूं । हमारी सर्विसिज के बारे में भी कुछ होना चाहिये । अभी सुखाडिया जी फर्मा रहे थे कि पिछली सरकार ने जो कमीशन्ज बनाये, उस के बाद सर्विसिज में डीमारलाइजेशन आ गया—यह बात बिलकुल सही है । आज भी सर्विसिज में यह डीमारलाइजेशन कायम है । इस के बारे में सोचना चाहिये कि सर्विसेज में पार्टी पोलिटिक्स के नाम पर जो स्थिति पैदा होती जा रही है उस को कैसे रोका जाय सर्विसिज में गिरावट को रोकने के बारे में हमें गम्भीरता से सोचना चाहिये ।

एक महत्वपूर्ण बात यह है कि इस देश में गवर्नर्ज का एप्वाइन्टमेंट प्रेसिडेन्ट द्वारा होता है । मैं आज यह सवाल गृह मंत्रालय के सामने रखना चाहता हूं—क्या यह सही नहीं होगा कि सत्ता परिवर्तन के साथ गवर्नर्ज भी बदल जाया करें । मेरे दोस्त मधु दण्डवते जी इस बात पर हंस रहे हैं, लेकिन मैं इस बात को कहना चाहता हूं कि जो पार्टी सत्ता में आती है

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Madhu Dandavate will immediately resign.

SHRI NAWAL KISHORE SHARMA: Thank you मैं इस बात को एक गम्भीरता का सवाल बना कर पेश कर रहा हूं । जो पार्टी सत्ता में आती है और वह जितने समय तक सत्ता में रहे, उस को अपने शासनतन्त्र को अपनी तरह से चलाने का मौका मिलना चाहिये । चुनाव के मौके पर लोग फैसला करते हैं और जिस पार्टी को अच्छा समझते हैं, उस को मत देते हैं, जिस को खराब समझते हैं उस को रिजेक्ट कर देते हैं । लेकिन कई दफा यह देखने को मिलता है कि गवर्नर और सरकार के बीच में ताल मेल नहीं होता और उस के अभाव में कुछ डेड-लाक्स पैदा हो जाते हैं । इसलिये मैं निवेदन करना चाहता हूं कि गृह मंत्रालय इस सवाल पर गम्भीरता से विचार करे या ऐसी कन्वेंशन्ज इस देश में होनी चाहिये कि जिस पार्टी की सरकार आये, उसके साथ ही गवर्नर्ज अपने आप इस्तीफे दे दें । हमारे सामने कुछ ऐसे प्रश्न आये हैं, मैं उन के नाम नहीं देना चाहता और न उस में जाने की आवश्यकता है, गवरनर्ज के बारे सदन में गरिमा से बात करनी चाहिये, लेकिन मैं इस बात को मानता हूं कि नये परिप्रेक्ष्य, नई विचारधाराओं के बीच जो देश के हित में हो, हमें उस पर चलना चाहिये, आब्सोलीट या ऐसीमिटो व्यवस्था में परिवर्तन लाना चाहिये, भले ही कास्टीच्यूशन के हिसाब से वह सैक्रेड हो, लेकिन उसे भी बदलने की कोशिश करनी चाहिये ।

इन शब्दों के साथ मैं गृह मंत्रालय की मांगों का समर्थन करता हूं और आपने मुझे बोलने का जो समय दिया है, उसके लिये बहुत बहुत धन्यवाद ।

MR. DEPUTY-SPEAKER: With the permission of the House, we will have to complete the discussion by this evening. I think the Government will have no objection extending the period so that we can complete the speeches by all the Members this evening whatever the time might be. At 4 P.M. the State Minister will intervene. The discussions must be over to-day evening. This is an important Ministry. I want to give chance to all the Members, irrespective

[Mr. Deputy-Speaker]

of the number of Members in any party provided you are prepared to sit late in the night. Home Minister will reply tomorrow. This is the programme.

PROF. MADHU DANDAVATE: It will be a matter of pleasure to hear couplets in the evening if the Home Minister could reply in the evening.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Chandra Shekhar Singh.

Every Member of the ruling Party will get not more than nine miutes.

SHRI NAWAL KISHORE SHARMA: How have you come to this figure—nine? Is it an auspicious figure? It can be ten or twelve.

श्री चन्द्रशेखर सिंह : (बांका) उपाध्यक्ष महोदय, गृह मंत्रालय की मांगों के सम्बन्ध में हुए वाद-विवाद को सुनने के बाद मन पर ऐसा प्रभाव पड़ता है कि सारे देश के सामने एक मात्र समस्या महिलाओं पर अत्याचार या हरिजनों पर अत्याचार की ही है। इस पर काफी चर्चा हो गई है, इसलिये मैं उस के सम्बन्ध में कुछ कहना आवश्यक नहीं समझता हूं। और मैं यह अनुभव करता हूं कि गृह मंत्रालय का काम केवल फायर ब्रीगेड की तरह नहीं होना चाहिये कि जहां कोई अत्याचार का मामला हुआ, कोई दंगा हुआ या कोई फसाद हुए, तब गृह मंत्रालय की याद हमको आवे और गृह मंत्रालय की चर्चा हम यहां पर करें। इसलिये मैं उन मुद्दों की चर्चा करना जरूरी समझता हूं जिस से लोग आम तौर से भी उन के मंत्रालय को याद कर सकें और इस मंत्रालय के जरिये साकारात्मक कार्यक्रम पेश किये जा सकें।

उपाध्यक्ष महोदय, पहली बात तो मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि इस प्रशासनिक व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन का एक मुख्य प्रश्न है। जो कुछ भी प्रशासन का मुझे अनुभव रहा है, उसके आधार पर मैं कहना चाहता हूं कि आज की जो यह प्रशासन व्यवस्था है, वह आज की जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिये अनुपयुक्त सिद्व नहीं हो रही है और उस से जो अपेक्षायें है, वे पूरी होने की संभावनायें नजर नहीं आती हैं। एक बात यह बहुत स्पष्ट है कि आज इस व्यवस्था का बोझ इतना बड़ा हो गया है। मालूम पड़ता है कि सरकार की आमदनी का बहुत बड़ा हिस्सा इस व्यवस्था को चालू रखने में, उस को जीवित रखने में ही व्यय हो जाता है। अगर आप आंकडों को देखे तो यह पायेंगे कि केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकारों को मिला कर लगभग 1 करोड़ सरकारी नौकर है और उन पर पिछले 30 वर्षों के अन्दर तीन गुना व्यय हमारे जी एन. पी का आज बढ़ गया है। 30 वर्ष पहले अगर उस का 10 प्रतिशत खर्च होता था, तो आज 30 प्रतिशत प्रशासनिक व्यवस्था पर खर्च हो रहा है और मैं अपने बिहार जैसे गरीब सूबे की चर्चा करूं, तो बिहार सरकार की अपनी जितनी आमदनी है, वह पूरी की पूरी बिहार की प्रशासनिक व्यवस्था को जीवित रखने में व्यय हो जाती है। आज यह स्थिति है और किस प्रकार इस भार को हम वहन कर सकते हैं, इस पर गृह मंत्रालय को विचार करना चाहिये लेकिन उस से भी अधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि आज का यह प्रशासन हमें सही दिशा की ओर ले जाने वाला नहीं है। अगर हम देखें तो एक तो यह व्यवस्था ऐसी है, जिस में अनावश्यक समय लगता है और साथ साथ जिन जिन समस्याओं का निष्पादन जिस दिशा की तरफ होना चाहिये, उस दिशा की तरफ न हो कर हमें गलत रास्ता अख्तियार करने के लिये मजबूर होना पड़ता है। इसलिये मैं आप से निवेदन करना चाहूंगा कि जहां तक प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार इस शब्द का मैं प्रयोग करना नहीं चाहता क्योंकि सुधार एक मामूली शब्द है, इस के लिये मैं जरूरी समझता हूं कि आमूलचूल परिवर्तन करना आवश्यक है। आज हम यह देखें और तमाम सदस्यों का यह तजुर्बा होगा कि श्रीमती इन्दिरा गांधी की सरकार आज देश में कायम है लेकिन जहां तक सर्वसामान्य लोगों का सम्बन्ध है, उन के लिये सरकार का रूप वही है। वही प्रखण्ड विकास अधिकारी है, वही थाने का दारोगा है उस का रूप आज भी वही है। उस की क्या दिशा है, हम आप, इस सदन के माननीय सदस्यगण, इस को अच्छी तरह से महसूस करते हैं। वे आज यह समझते हैं कि वे मालिक हैं, स्वामी है और जन प्रतिनिधि उस के सहायक नहीं हैं बल्कि उस के काम में बाधक हैं और जनता को जो कुछ मिलता है, उस को दान स्वरूप ही कुछ मिलता है और न्याय और इन्साफ पाने की वह अधिकारी नहीं है। अगर आज इस व्यवस्था को बदलने की आप चेष्टा नहीं करेंगे, तो चाहे जितनी अच्छी रूप रेखा आपके कार्यक्रमों की हो और चाहे जितनी अच्छी आपकी योजनायें हों, उनसे जनता को कुछ विशेष प्राप्त नहीं होने वाला है। मैं इस सम्बन्ध में केवल इतना ही कहना चाहूंगा कि आज यह बहुत जरूरी है। कि हमारे जो भारतीय प्रशासन सेवा के अधिकारी हैं, उन की ट्रैनिंग का जहां तक सवाल है, उन की शिक्षण व्यवस्था का जहां तक सवाल है, उस में भी आप परिवर्तन करें। हम ने देखा है कि अच्छा काम वे कर सकते हैं, अच्छे कामों को पूरा करने की तरफ उन की रुचि है लेकिन उन की शैली इस प्रकार की है, जिस से जनता से कभी उन का सम्पर्क स्थापित नहीं हो सकता है और जनता उन तक पहुंच नहीं सकती है। इसलिये मैं यह जरूरी समझता हूं कि गृह मंत्रालय इस परमावश्यक समस्या की ओर ध्यान दे। और जो आवश्यक कार्यवाही करनी चाहिए वह करे।

मैं एक दूसरे विषय की चर्चा करना भी आवश्यक समझता हूं। मेरे विरोधी दल के सदस्यगण मुझे माफ करेंगे कि पिछले तीन वर्षों में चाहे जनता पार्टी का राज रहा हो, चाहे लोक दल का राज

